ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 5, अंक 206, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 15

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 16

पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- किन्हीं कारणों से समय पर प्रवेश न ले पाने वाले छात्रों को सहूलियत

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है।

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को प्रेरणा बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।



राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले कर्मचारियों को 30 जून तक मनचाहा तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली और एचआरआईटी गाजियाबाद को हरी झंडी

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

एक नजर

ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने मंगलवार को ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है।

हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

बेंगलुरु। कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को बताया कि दर्शन और 13 अन्य से रेणुकास्वामी नामक व्यक्ति की हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला।

मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

बुखार से बेटे की हुई मौत सदमे में पिता ने दम तोड़ा

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

अलाउद्दीन

मेंहदी हसन

- हरियाणा में फल का ठेला लगाता था बेटा, चार दिन पहले लौटा था

अमृत विचार : बेटे की मौत का गम पिता बर्दाश्त नहीं कर सका। बेटे के शव को दफन कर लौटे पिता ने सदमे में दम तोड़ दिया। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव परौली निवासी अलाउद्दीन पुत्र भोलू शाह का पांचवें नंबर का बेटा मेंहदी हसन (22) काफी समय से हरियाणा में रहकर ठेला लगाकर फल बेचता था।

सात दिन पहले उसे तेज बुखार आया। दवा ली लेकिन आराम नहीं मिला। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर चार दिन पहले गांव आ गया था। परिजन बिसौली के निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे। मंगलवार सुबह मेंहदी हसन की मौत हो गई। कब्रिस्तान में शव दफन कर सभी घर आ गए। अलाउद्दीन गुमसुम घर में बैठ गए। देर शाम तबीयत बिगड़ी तो परिजन चिकित्सक के पास ले जा रहे थे तभी दम तोड़ दिया। पिता का भी शव बेटे के पास दफन कर दिया गया।

अतिक्रमण पर नहीं ध्यान, ठेले और ई रिक्शा बने जाम की वजह

संवाददाता, पूरनपुर

- एसडीएम से की भीड़भाड़ वाले इलाकों से ठेले हटवाने और कंडम ई-रिक्शा बंद कराने की मांग

अमृत विचार: कस्बे में लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। इसको लेकर नगरवासी एसडीएम से मिलने पहुंचे। उन्होंने जाम का कारण बन रहे ठेले और खराब हो चुके ई रिक्शा का संचालन बंद कराने की मांग की।

कस्बे में अतिक्रमण की समस्या नासूर बनती जा रही है। नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड, मेन बाजार और कोतवाली रोड पर लगाने वाले जाम से लोग परेशान हैं। सड़क किनारे लगने वाले ठेले और लगातार बढ़ बढ़ रही ई रिक्शा की संख्या इसका प्रमुख कारण है। कस्बे में अतिक्रमण की समस्या को लेकर कुछ लोग मंगलवार को एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला से मिलने पहुंचे।उन्होंने एसडीएम को दिए पत्र में कहा कि कस्बे की बाजार के प्रत्येक हिस्से में ठेले और ई रिक्शा का जमावड़ा लगा रहता है। इससे राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ठेले वाले राहगीरों से दुर्व्यवहार करते हैं। स्टेशन चौराहे पर फलों का ठेला लगाने वाले लोग मारपीट भी कर चुके हैं। एसडीएम से अनाधिकृत रूप से लगने वाले फलों के ठेले हटवाने की मांग की गई। इसके अलावा कस्बे में चल रहे ई रिक्शा की फिटनेस टेस्ट करा कर खराब हो चुके रिक्शा को बंद करने की मांग भी की गई।

15 जुलाई तक जनपद भर में चलेगा अभियान, सीवीओ का दावा- शासन से 82,500 वैक्सीन की पहली खेप मिली

3.05 लाख पशुओं का होगा टीकाकरण, गलघोंटू बीमारी को देंगे मात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अफसर बोले-100 पैरा वैक्सीनेटरों के माध्यम से गांव-गांव टीकाकरण हो चुका है शुरू

अमृत विचार: गलघोटू बीमारी से पशुओं को बचाव के लिए जनपद भर में अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जनपद के 3.05 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। टीकाकरण को लेकर 82500 वैक्सीन की पहली खेप प्राप्त हो चुकी है। पैरा वैक्सीनेटरों के माध्यम से टीकाकरण कार्य भी शुरू कराया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अभियान 15 जुलाई तक चलाया जाएगा।

पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 87,573 दुधारू पशु हैं। इनमें भैंसों की संख्या 49573 एवं गायों की संख्या 38000 है। इसके अलावा शहर में 153 डेयरियां पंजीकृत हैं। मानसूनी सीजन नजदीक आते ही पशुओं में गलघोटू बीमारी का प्रकोप बढ़ जाता है। पशु चिकित्सकों के मुताबिक गलघोटू बीमारी गाय और भैंस दोनों में होती है। यह बीमारी पास्चुरेला मल्टोसिडा जीवाणु से होती है। गलघोटू के लक्षण के साथ ही समय से इलाज न शुरू होने पर एक-दो दिन में पशु की मौत भी हो जाती है। शुरुआत तेज बुखार (105-107 डिग्री) से होती है। पीड़ित पशु के मुंह से ढेर सारा लार निकलता है। गर्दन में सूजन के कारण सांस लेने के दौरान घर्र-घर्र की आवाज आती है। संक्रमित पशुओं में दूध की कमी भी हो जाती है। इधर शासन के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा गलघोटू रोग से बचाव को जनपद भर में अभियान चलाया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अभियान के तहत जनपद भर में 3.05 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। इसको लेकर 82500 वैक्सीन की पहली खेप भी विभाग को प्राप्त हो चुकी है।

इस वैक्सीन को जिले के सभी 16 पशु चिकित्सालयों में भिजवाया जा चुका है। पशुओं के वैक्सीनेशन की जिम्मेदारी पैरा वैक्सीनेटरों को दी गई है। विभाग के मुताबिक 100 पैरा वैक्सीनेटरों के माध्यम से गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण शुरू भी करा दिया गया है। टीकाकरण अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

> जनपद में 3 .05 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। अब तक 82500 वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। जिसे सभी पशु चिकित्सालयों में भिजवाया जा चुका है। स्टाफ की कमी के चलते पैरा वैक्सीनेटरों के माध्यम से टीकाकरण शुरू कराया जा चुका है।
> –डॉ. अरविंद कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

बचाव के उपाय

- बीमार पशु को अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग रखें।
- संक्रमित पशु के आस-पास चूने का छिड़काव करें।
- पशुशाला को स्वच्छ रखने के साथ पशु को गीले व नम मौसम से बचाएं।
- रोग की संभावना होने पर तत्काल पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

भीषण गर्मी को देखते हुए जारी एडवाइजरी

भीषण गर्मी को देखते हुए पशुपालन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में गर्मी एवं लू का भयंकर प्रकोप चल रहा है। अपने पशुओं को गर्मी व लू के प्रकोप से बचाने के लिए सूखे की स्थिति में पशुओं को सिंचाई के अभाव में सूखी हुई हरी ज्वार, घास न खिलाएं। पशुओं को धूप में न बांधे। पशुओं को छायादार वृक्षों या छाया में रखें। पशुओं को खूब ताजा एवं ठंडा पानी पिलाएं। पशुओं को दिन में कदापि बाहर न निकालें। पशुओं के खाने में नमक का प्रयोग करें। पशुशाला में पश्चिम दिशा में पर्दे लगाएं ताकि लू प्रवेश न करें। यदि पशु की तबीयत खराब हो तो तत्काल निकटस्थ पशु चिकित्सालय या पशु सेवा केंद्र से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि पशुपालक टोल फ्री नंबर-1962 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

एक नजर

साहब, मंदिर की दीवार से हटवा दीजिए अतिक्रमण

पीलीभीत। शहर के मोहल्ला सिविल लाइन साउथ के लोगों व हनुमान मंदिर के पुजारी ने संयुक्त रूप से डीएम कार्यालय में शिकायत की। जिसमें बताया कि मोहल्ले में प्राचीन हनुमान मंदिर है। मंदिर की दीवार पर एक व्यक्ति ने काफी समय से अतिक्रमण कर रखा है। अब मंदिर का सभी मोहल्ले वाले मिलकर जीर्णोद्धार कराना चाहते हैं। मगर आरोपी अपना कब्जा मंदिर की दीवार से नहीं हटा रहे। जिसके चलते जीर्णोद्धार कार्य अधर में है। मामले की जांच कराकर मंदिर की दीवार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। शिकायत करने वालों में रामकुमार तिवारी, सुभाष चंद्र सक्सेना, हेमराज, कमल कुमार, अनिल कुमार, दीपक सिंह, तुलसीदास, रामऔतार, अनिल शर्मा, शैलेश कश्यप आदि थे।

किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

पीलीभीत। कोतवाली में दी गई तहरीर में शहर के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी सोलह वर्षीय बहन को कोई युवक बहला फुसलाकर ले गया। घटना आठ जून की है। उस वक्त परिवार के लोग काम पर गए हुए थे। काफी तलाशने के बाद भी बहन के बारे में कोई जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

मारपीट कर छीनी नकदी, दी तहरीर

पूरनपुर। थाना घुंघचाई के गांव बिलंदपुर अशोक के रहने वाले लाल बहादुर अपने भाई पुरुषोत्तम के साथ मंगलवार को पूरनपुर आए थे। आसाम रोड पर सिरसा चौराहे पर दोनों चाट खा रहे थे। आरोप है कि गांव के चार लोग आ गए और दोनों पर हमला कर दिया। मारपीट करते हुए जेब में रखी 16500 रुपये छीन लिए। तमंचा दिखाकर मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीमारी से तीन गोवंश की और मौतें...इसे देवीपुरा गोशाला नहीं गायों का श्मशान कहिए

इस माह गोशाला में 12 शव दफनाए, कई गोवंश अंतिम सांस गिन रहे, अफसर बीमारी से मौत होना बता रहे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ओवरलोड हो चुकी इस गोशाला में पशुओं की संख्या का पेंच भी नहीं सुलझा पाए जिम्मेदार
- मंगलवार को तीसरी बार गोवंश की गिनती में दो सदस्यीय टीम को पांच पशु मिले कम
- टीम ने प्रधान और सचिव को लापरवाह मान रिपोर्ट सीडीओ को सौंपी, कार्रवाई की तैयारी

अमृत विचार: आवारा घूमने वाले गोवंश की और उन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य से वन्य जीव प्रेमी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के प्रयास से बनवाई गई देवीपुरा गोशाला गोवंश के लिए मौत शाला बन गईं हैं। मंगलवार को तीसरे दिन तीन गोवंशों की मौत हो गई। जिम्मेदार इन पशुओं की मौत की वजह शारीरिक रूप से बेहद कमजोर और इलाज के बाद भी सुधार न होना बता रहे हैं। जबकि सूत्रों का कहना है गोशाला में पर्याप्त सुविधा न होने के कारण गोवंश के हाल खराब है। अभी भी आधा दर्जन से अधिक गोवंश बीमार हैं। इधर, गोशाला में आश्रित पशुओं की संख्या को लेकर हुई शिकायत पर दो सदस्यीय टीम ने तीसरी बार पशुओं की गणना की। गणना में पांच पशु कम पाए गए। टीम ने इस पूरे मामले में प्रधान और सचिव की लापरवाही पाते हुए रिपोर्ट सीडीओ सौंप दी है।य से पांच किमी दूर माधोटांडा रोड पर स्थित देवीपुरा गोशाला कभी पशुओं के चारा तो कभी मौत को लेकर गोशाला सुर्खियों में रहती है। रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि देवीपुरा गोशाला में रात को गोवंश बेचे जा रहे हैं। पशुओं की संख्या कम होने के बावजूद अभिलेखों में संख्या बढ़ाकर दर्शाई जा रही है। इसके अलावा मृत गोवंश सही से न दफनाने की शिकायत महासभा के कार्यकर्ताओं ने डीएम और सीडीओ से की थी। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीडीओ के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम में शामिल डिप्टी सीवीओ डॉ. लक्ष्मी प्रसाद, खंड विकास अधिकारी मरौरी मृदुला ने सोमवार को गोशाला पहुंचकर आश्रित पशुओं की गणना का प्रयास किया, लेकिन गोवंश के इधर-उधर घूमने की वजह से उनकी गिनती नहीं हो सकी। टीम ने सोमवार शाम को दोबारा गोशाला पहुंचकर रोजगार सेवकों की माध्यम से गोवंश की गिनती कराई, लेकिन पशुओं की संख्या को लेकर स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सकी। हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं का कहना था कि गणना के दौरान 100 से अधिक गोवंश कम पाए गए हैं। गोशाला में आश्रित पशुओं की संख्या की तस्दीक करने को टीम ने मंगलवार सुबह छह बजे गोशाला पहुंचकर पशुओं की गणना कराई। रोजगार सेवकों के माध्यम से कराई गई गिनती में गोशाला में 916 के सापेक्ष 911 आश्रित गोवंश मौके पर पाए गए। गणना के दौरान पांच पशु कम पाए गए। टीम ने इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान और सचिव अनिल कुमार की लापरवाही पाते हुए रिपोर्ट सीडीओ सौंप दी।

देवीपुरा गोशाला में गोवंश की गणना कराती टीम। ● अमृत विचार

देवीपुरा गोशाला से गोवंश तस्करी का आरोप सीडीओ ने कमेटी गठित कर जांच शुरू कराई

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> गठित टीम ने मंगलवार सुबह भी गोशाला पहुंचकर रोजगार सेवकों के माध्यम से गोवंशों की गणना कराई गई। गणना के दौरान अभिलेखों में दर्ज संख्या के सापेक्ष पांच गोवंश कम पाए गए हैं। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की लापरवाही सामने आई है। दोनों को नोटिस भेजा जा रहा है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है। – धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ

मृत गोवंश दफनाने में भी लापरवाही उजागर

सीडीओ के निर्देश पर गठित टीम ने पशुओं की गणना के साथ मृत पशुओं को सही ढंग न दफनाने को लेकर हुई शिकायत की भी जांच की। जांच के दौरान मृत पशुओं को दफनाने में भी लापरवाही उजागर हुई। जांच में पता चला कि मृत गोवंशों को गड्ढों में दफनाने के बाद मिट्टी ही नहीं डाली गई। देवीपुरा गोशाला के पीछे पड़े अवशेषों का फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

... 50 रुपये में कैसे भरेगा गोवंश पेट

शासन से पशुओं के भरण-पोषण के लिए 50 रुपये प्रति पशु धनराशि मिलती है। यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा जैसी है, क्योंकि प्रति पशु चारे का दैनिक खर्च कम से 80 से 100 रुपये है। इधर, भूसे के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। प्रशासन ने गांव-गांव अस्थायी गोशाला में प्रधानों को गोवंश के भरण पोषण की जिम्मेदारी तय की है, लेकिन 50 रुपये में इन पशुओं का पेट कैसे भरेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

लगातार हो रही गोशाला में मौतें

गोशाला में पिछले कुछ दिन से लगातार गोवंश की मौत हो रही हैं। आठ जून को दो, नौ जून को चार एवं 10 जून को तीन गोवंशों की मौत हुई थी। अब मंगलवार को फिर तीन गोवंश मृत मिले। इन गोवंशों की मौत के पीछे जिम्मेदारों का तर्क है कि देवीपुरा गोशाला में अकसर नगर पालिका और आसपास क्षेत्रों से गंभीर रूप घायल या बीमार गोवंश संरक्षण के लिए लाए जाते हैं, जिनकी इलाज के बाद भी उनके जीवित बचने की संभावना कम रहती है।

डीएम ने लिया संज्ञान, तलब की रिपोर्ट

पीलीभीत। देवीपुरा गोशाला में मृत गोवंशों के शवों को सही ढंग से निस्तारित न करने और लगातार मिल रही शिकायतों को डीएम संजय कुमार सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले में सीडीओ को रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि डीएम अब स्वयं ही गोशाला प्रकरण को प्राथमिकता पर लेते हुए न सिर्फ जांच कराएंगे बल्कि बदहाली को दूर करने को भी कदम उठाए जाएंगे।

स्पोर्ट्स फॉर स्कूल से निखरेगी स्कूली खिलाड़ियों की प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों में पोर्टल पर अपलोड करना होगा खिलाड़ियों का ब्योरा
- शासन ने जारी किया आदेश, नाम और पते के साथ खेल प्रदर्शन भी होगा अपडेट
- अफसर बोले-पोर्टल पर आधारित सूची के तहत खेल के लिया होगा खिलाड़ियों का चयन

अमृत विचार: बेसिक और माध्यमिक विद्यालय अपने यहां मेधावी विद्यार्थियों को तैयार करने के साथ होनहार खिलाड़ियों को भी तैयार करेंगे। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को खेलकूद में बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल (एसएफएस) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम में ऐसे विद्यार्थियों को चुना जाएगा जो पढ़ाई के साथ खेल में बेहतर होंगे। इनका पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड होगा। पोर्टल पर यह ब्योरा छह श्रेणियों में पंजीकरण किया जाएगा।

जिले में 1508 परिषदीय विद्यालय व 29 राजकीय कॉलेजों चल रहे हैं। इनके अलावा करीब 100 से अधिक वित्तविहीन के स्कूल भी शामिल हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों के बीच खेलकूद को लेकर अब संयुक्त अभ्यास की तैयारी हो रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया है। जिसके तहत परिषदीय स्कूलों और माध्यमिक विद्यालय के खेलों में बेहतर करने वाले खिलाड़ियों का डेटा बेस तैयार किया जाएगा। इस डाटा में खिलाड़ी बच्चों से जुड़ी हर जानकारी होगी। उनके प्रशिक्षक, स्पोर्ट किट, खेलकूद की सुविधा आदि से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए भी प्रयास होगा। इसके साथ ही उनको मिलने वाली सुविधा, प्रशिक्षण, खेल का विवरण, प्रशिक्षक का नाम, खेलने के लिए स्थान, विभागीय मदद की जानकारी देना होगा। डीआईओएस गिरजेश चौधरी ने बताया कि पढ़ाई के साथ बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसको लेकर सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने बच्चों को कम से कम दो खेलों में दक्ष करें। इसके बाद विद्यालय और ब्लॉक स्तर पर इनकी प्रतियोगिता होगी। ब्लॉक स्तर पर सफलता के बाद जिला और मंडल स्तर पर खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। ताकि जिले के खिलाड़ी देश विदेश में अपना नाम रोशन कर सके।

मशीन से चल रहा खनन, जांच टीम ने नकारा

संवाददाता, पूरनपुर

- राजस्व टीम के पहुंचने से पहले ही हटा दी गई मडलोडर और ट्रैक्टर ट्राली
- कानूनगो ने लेखपाल से मांगी रिपोर्ट ग्राम मुझाकलां का मामला

अमृत विचार: खेत में मडलोडर मशीन लगाकर खनन करने की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। मगर, भनक लगने पर मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली इससे पहले ही हटा दी गई। राजस्व टीम खेत की नापजोख कर लौट गई। टीम को खेत से मिट्टी निकालने की मात्रा का भी पता नहीं चल सका।

पूरनपुर क्षेत्र में अवैध खनन के मामले आए दिन प्रकाश में आ रहे हैं। इसके बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव मुझाकलां में मडलोडर मशीन चलाकर खनन किए जाने की शिकायत हुई। खनन से जुड़ा वीडियो भी वायरल हो गया। इसकी शिकायत पूरनपुर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला से की गई। एसडीएम के निर्देश पर कानूनगो कृष्ण कुमार शुक्ला और लेखपाल आकांक्षा जांच के लिए मुझाकलां पहुंचे। इससे पहले ही खनन कर रही मडलोडर मशीन खेत से हटा दी गई। मिट्टी ढो रही ट्रैक्टर ट्रॉली भी छिपा दी गईं।

राजस्व और खनन विभाग की ओर से मशीन चलकर खनन करने की अनुमति नहीं दी जाती। इसके बावजूद धड़ल्ले से मडलोडर मशीनें चलाई जा रहीं हैं। शिकायत के बाद जांच के लिए पहुंची राजस्व टीम खेतों में मशीन को ढूंढती रही लेकिन उसका पता नहीं चल सका। कानूनगो और लेखपाल को काफी प्रयास के बाद जिस खेत से मिट्टी निकाली जा रही थी उसकी जानकारी लगी। इसके बाद खेत से कितनी मिट्टी निकाली गई इसका पता नहीं लगाया जा सका। कानूनगो केके शुक्ला ने बताया कि मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई। मौके पर मशीन नहीं मिली। लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी।

मुझाकलां गांव में खनन का वायरल वीडियो से लिया स्क्रीन शॉट। ● अमृत विचार

मझोला रेलवे स्टेशन पर मिला बरेली के युवक का शव

मझोला, अमृत विचार : पीलीभीत- टनकपुर रेलखंड पर स्थित मझोला स्टेशन पर एक युवक का शव मंगलवार को पड़ा मिला। शव मिलने का शोर मचते ही भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त बरेली के रहने वाले राजेश कुमार निवासी बरेली के रूप में हुई।

मृतक मझोला कस्बे में स्थित एक होटल पर काम करता था। होटल स्वामी ने बताया कि वह चार दिन पूर्व घर जाने की बात कहकर निकला था। उसने इसके लिए अवकाश लिया था। मगर इसके बाद अब शव मिला है। फिलहाल अग्रिम कार्रवाई और मौत की वजह जानने को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

पुलिस के समझाने पर नहीं माने...अब झेलो मुकदमा

संवाददाता, पूरनपुर

- कुर्बानी के लिए पशु लाने वाले दो लोगों को हिरासत में लेने पर भीड़ ने किया था विरोध प्रदर्शन
- पुलिस से अभद्रता, सरकारी काम में बाधा, धमकी देने के आरोप में 10 नामजद व अज्ञात पर केस

अमृत विचार: कुर्बानी के लिए पिकअप से पशु लाने वाले दो लोगों को हिरासत में लिए जाने का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने इस मामले में 10 नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस से अभद्रता, सरकारी काम में बाधा डालने व धमकाने का आरोप लगा है। पुलिस की कार्रवाई के बाद खलबली मच गई है।

सोमवार शाम शेरपुर कलां के मोहल्ला कुरैशियान का ताजिम और मोहम्मद हशीब कुर्बानी के लिए पड्डे खरीद कर लाए थे। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ताजिम और हबीब को हिरासत में लिया और पिकअप कब्जे में ली थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। उधर, बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और पूरनपुर धनाराघाट मार्ग पर पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए जाम लगा दिया। आरोप है कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद भी नहीं माने। सीओ आलोक सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया, लेकिन जाम नहीं खुल रहा था। इसके बाद पुलिस ने सख्ती कर भीड़ को खदेड़ा। अब सड़क जाम करने वालों पर कार्रवाई की गई है। ताजिम मोहम्मद हसीब, वसीम पुत्र नबी हुसैन, अजीम पुत्र नबी हुसैन, फरमान पुत्र अली हसन, मुन्ना पुत्र अली हसन, जुनैद पुत्र साबिर, जाबिर पुत्र इदरीश, मोहम्मद हनीफ उर्फ लल्ला पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला कुरैशियान, आसिफ उर्फ बंटी पुत्र मोहम्मद शेर खान निवासी मोहल्ला बाजार को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। अज्ञात में भी आरोपी बनाए गए हैं।

पुलिस का आरोप है कि पशुओं को लाने वाले वाहन के दस्तावेज मांगने पर ताजिम और मोहम्मद हसीब उग्र हो गए। उन्होंने शोर शराबा करते हुए लोगों को इकट्ठा कर लिया। इसके बाद सड़क पर पिकअप और बाइक आड़ी तिरछी लगाकर नारेबाजी की। इससे सरकारी काम में बाधा उत्पन्न हुई। इस दौरान लोगों ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे भय का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान मची अफरा तफरी से दुकानें भी बंद हो गई। समझाने के बाद भी लोग नहीं माने और उग्र होते चले गए। ताजिम और मोहम्मद हसीब अभी भी पुलिस की हिरासत में है। 10 नामजद और अज्ञात के खिलाफ एफआईआर की जानकारी लगते ही खलबली मच गई है।

> इस मामले में दस नामजद और अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में बांधा डालने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो लोग पुलिस की हिरासत में है। विवेचना में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की जाएगी। – संजीव कुमार शुक्ला, कोतवाल पूरनपुर

भंडारे के दौरान पक्ष भिड़े

घुंघचिहाई। थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर की रहने वाली रामगुनी पत्नी अगम सिंह ने बताया कि 10 जून को उन्होंने इकोहत्तर मंदिर नाथ पर भंडारे का आयोजन किया था। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए थे। सभी भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। इस बीच बाइक सवार युवक आए और तेज रफ्तार में बाइक चलाना शुरु कर दिया। जिससे धूल उड़कर प्रसाद में चली गई। जब विरोध किया तो एक महिला के ऊपर बाइक चढ़ाने की कोशिश की गई। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पर बृजमोहन, राम सिंह, अनीता देवी को भी पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है।

बमरौली में संतोष नगरअध्यक्ष, राजेश बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने संगठन का विस्तार करते हुए व्यापारियों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। बिलसंडा क्षेत्र के बमरौली में व्यापारी संतोष शुक्ला को बमरौली का नगर अध्यक्ष नियुक्ति किया है। जबकि राजेश गुप्ता को महामंत्री बनाया है।

जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बताया कि संतोष लंबे अरसे से व्यापारियों के हित में कार्य कर रहे थे। उनके कार्य को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। इनके अलावा बमरौली के ही व्यापारी राजेश गुप्ता को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया है। इसके अलावा संगठन ने क्षेत्र के संजीव कुमार गुप्ता, शोभित सिंह, विकास अवस्थी, गोविंद सिंह, देवाशीष मिश्रा, गोविंद दीक्षित,सुनील मिश्रा ,मुकेश कुमार को भी सदस्यता ग्रहण कराई। सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। संगठन की ओर से दोनों को मनोनयन प्रत्र देकर स्वागत किया गया। जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, जिला संरक्षक प्रकाश वीर सिंह, ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रेम गोयल, देवेंद्र सिंह, विक्रांत मिश्र, विक्रम सिंह, संजय पांडे, अनिल अरोड़ा, सुनील वर्मा, नंद किशोर कश्यप, वीरेंद्र रस्तोगी, ऋषि कन्नौजिया, रजत सागर सैनी, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक , शलभ सिंह , मुस्तकीम, साजिद, मोबीन, युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा , युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी ,महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव आदि मौजूद रहे।

संतोष शुक्ला।

राजेश गुप्ता।



आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

43.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

रफ्तार का कहर...हादसों में छह लोगों की मौत

दो हादसे जनपद में तो अन्य मेरठ और लखीमपुर खीरी क्षेत्र में हुए, दुर्घटना का पता चलने पर परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: वाहनों की तेज रफ्तार हादसे का सबब बन गई। अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में जनपद के दो सगे भाईयों, दंपती समेत छह लोगों की मौत हो गई। दो हादसे गैर जनपद में हुए जिनमें दंपति समेत चार की जान गई। जबकि एक बीसलपुर क्षेत्र में बीती रात हुआ। इसके अलावा छठवीं मौत एक दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए युवक की हुई। उसने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। वहीं, परिवारों में अपनों की मौत को लेकर चीख पुकार मची रही। परिजन, परिचित और रिश्तेदार गमगीन परिवारों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

बीसलपुर में हुए हादसे की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

बीसलपुर में डंपर की टक्कर से युवक की गई जान

हादसा 1

बीसलपुर। पीलीभीत मार्ग पर डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली सवार युवक की मौत हो गई। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौकहा के रहने वाले राजेश कुमार (22) पुत्र कोमल प्रसाद गांव के ही छत्रपाल के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर टिकरी गांव से खाद लेकर लौट रहे थे। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर सिमरा चौराहे पर बन रहे टोल प्लाजा के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में राजेश घायल हो गए।उन्हें सीएचसी भिजवाया गया, वहां मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। पुलिस ने हादसे की जानकारी की। परिजन ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। इस पर शव को पंचनामा भरकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

हादसा तीन: मजदूरी पर जा रहे दो भाइयों की चली गई जान

हादसा 4

गजरौला। घर से मजदूरी करने के लिए पंजाब जा रहे दो सगे भाइयों की मेरठ में हुए सड़क हादसे में जान चली गई। गजरौला थाना क्षेत्र लखाखास गांव के मूलचंद के पुत्र अनिल कश्यप (23) और सुनील मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। दोनों मजदूरी करने के लिए सोमवार को पंजाब जाने को इको में सवार होकर जा रहे थे। इको में अन्य श्रमिक भी सवार थे। मंगलवार सुबह इको मेरठ में ट्रक से टकरा गई। हादसे में दोनों सगे भाइयों की मौत हो गई। इस हादसे में बरेली के नवाबगंज क्षेत्र के कार चालक की भी जान गई। सूचना मिलने पर परिवार में चीख पुकार मच गई। कुछ सदस्य शव लाने के लिए मेरठ रवाना हो गए। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। सुनील की दो साल पहले ही शादी हुई थी। उसकी एक साल की बेटी काव्या है। उसकी मौत से कच्ची गृहस्थी बिखर गई। सभी का रोकर बुरा हाल रहा।

इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ा

हादसा 2

माधोटांडा। नवदिया सुखदारपुर के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या दो पर पहुंच गई। एक और घायल ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया के विनोद कश्यप गांव के ही प्रदीप कुमार (30), छोटू के साथ सोमवार को कार से सिद्धबाबा स्थल पर आयोजित भंडारे में शामिल होने आए थे। वहां से नवादिया सुखदासपुर गांव की तरफ घूमने निकल गए थे। गांव के पास एक-एक कर तीन कारों की टक्कर हो गई। हादसे में विनोद की मौत हो गई थी, जबकि अन्य दो घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया था। देर रात दूसरे घायल प्रदीप कुमार ने भी दम तोड़ दिया। मंगलवार को उसके शव का पुलिस ने पोस्टर्माटम कराया।

बेटे की ससुराल जा रहे दंपती की मौत

हादसा 3

पूरनपुर। बेटे की ससुराल जा रहे बाइक सवार दंपति की हादसे में मौत हो गई। हादसा लखीमपुर खीरी जनपद के भीरा थाना क्षेत्र में हुआ। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव रसूलापुर के रहने वाले सुधीर सिंह (50) पुत्र लाखन सिंह अपनी पत्नी अनारकली और 15 वर्षीय बेटी पारुल के साथ सोमवार को अपनी बाइक से अपने बड़े बेटे की ससुराल लखीमपुर खीरी जनपद के भीरा थाना क्षेत्र के गांव पौथेपुरवा जा रहे थे। भीरा से लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर नहर के पास ईको ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल दंपति की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई जबकि बेटी की हालत गंभीर है। इसकी सूचना मिलने पर मृतक के परिवार वाले लखीमपुर के लिए रवाना हो गए। संबंधित थाने की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। दंपति की मौत से परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।

नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में गंभीर त्रुटि एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इसको लेकर आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम वित्त को सौंपा। ज्ञापन में नीट परीक्षा परिणाम की उच्चस्तरीय जांच कराने एवं दोषियों को जेल भेजने की मांग की गई।

नीट परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम के साथ ही इस पर सवाल उठने लगे थे। इधर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी नीट परीक्षा परिणाम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम वित्त ऋतु पूनिया को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाना था, लेकिन उसे आनन फानन में चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना वाले दिन घोषित किया गया। कहा गया कि परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों को पूरे 720 अंक दिए गए, वहीं एक ही कोचिंग के कई अभ्यर्थियों को 720 अंक दिए गए, इसके अलावा अन्य कई अभ्यार्थियों को 718, 719 अंक भी दिए गए। जोकि असंभव है। नीट परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया है। ज्ञापन में परीक्षा परिणाम की उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषियों को जेल भेजने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ रामचंद्र प्रजापति, जिला महासचिव संजय कुमार, नगराध्यक्ष संजय सिंह, विनोद कुमार भारती, ओमप्रकाश शास्त्री आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट में एडीएम वित्त को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा**

खुले में न दें कुर्बानी सड़क पर नहीं पढ़ी जाए नमाज

पीलीभीत, अमृत विचार : बकरीद को लेकर शहर कोतवाली और जहानाबाद में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बकरीद को परंपरानुसार मनाने की अपील की गई। साथ ही नई परंपरा डालने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

सदर कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एएसपी विक्रम दहिया ने कहा कि बकरीद के मौके पर खुले में कुर्बानी न की जाए। यदि किसी ने ऐसा करने का प्रयास किया तो पुलिस उसके साथ सख्ती से पेश आएगी। नमाज ईदगाह पर और मस्जिदों के अंदर पढ़ने को कहा गया। सड़क पर नमाज अदा करने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने समस्याओं के बारे में जानकारी की। इस मौके पर कोतवाल नरेश त्यागी भी मौजूद रहे। इधर, थाना जहानाबाद में सीओ सदर विधिभूषण मौर्य की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक में मौजूद लोगों ने बकरीद के दिन साफ सफाई और सूअरों के खुले में घूमने पर पाबंदी लगाने की मांग की। जिस पर सीओ सदर ने थाना पुलिस को सूअरपालकों को नोटिस देने की निर्देश दिए।

दहेज हत्या मामले में पति सास और देवर को सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

● **अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा ने सुनाया फैसला**

अमृत विचार: अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय महिलाओं के विरुद्ध अपराध छाया शर्मा ने दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी पति, सास और देवर को दोषी पाते हुए दस साल कैद और प्रत्येक को सात हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार वादी धर्मेन्द्र कुमार ने कोतवाली पूरनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसकी बहन गुड्डी की शादी घटना से करीब तीन वर्ष पूर्व पूरनपुर के गांव महदखास के रहने वाले रविंद्र से हुई थी। मायके वालों ने हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था, लेकिन रविन्द्र इससे खुश नहीं था और अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। उसकी बहिन गुड्डी का उत्पीड़न किया जाता था। 11 फरवरी 2022 को दोपहर करीब दो बजे उसे बहनोई ने कॉल कर बहन की हार्टअटैक से मौत होने की सूचना दी। वादी व परिवार के अन्य सदस्य जब बहन की ससुराल पहुंचे तो पता लगा कि बहनोई रविन्द्र ने दहेज के लालच में गुड्डी को फंदे से लटका कर मार दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छाया शर्मा की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद पति रविन्द्र, सास गुड्डी उर्फ प्रेमवती और देवर अरुण निवासी ग्राम महदखास कोतवाली पूरनपुर को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत, हत्या बता जांच की मांग

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: संदिग्ध परिस्थितियों में एक ग्रामीण की मौत हो गई। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। गजरौला पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है।

गजरौला कला क्षेत्र के गांव घियोना के रहने वाले महेंद्रपाल (45) पुत्र बाबूराम मजदूरी करते थे। उनके भाई भगवान दास ने बताया कि महेंद्रपाल मंगलवार सुबह करीब पांच बजे घर से निकले थे। करीब दो घंटे बाद वह घर पहुंचे और थोड़ा परेशान थे। परिवार के पूछने पर शराब पीने के चलते नशा होने की बात कही। इसके बाद फिर लेट गए। काफी देर बाद भी जब वह नहीं जागे तो परिवार को चिंता हुई। फिर जब चेक किया तो वह मर चुके थे। परिवार वालों का कहना था कि क्षेत्र का एक युवक उनके भाई को लेकर गया था। उसी पर हत्या करने का आरोप लगाया। ये भी कहा कि अब वह कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। पति की मौत से पत्नी माया देवी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के चार बेटे अमित, विपिन, गुलशन और वीरू हैं, जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। सुहास चौकी इंचार्ज असलम ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसि टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुरागरसी की है।

मौका मुआयना करती सूचना पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

● **पुलिस ने किया मौका मुआयना शव पोस्टमार्टम को भेजा**

मृतक महेंद्र पाल।

मकान का छज्जा ढहने से श्रमिक की मौत

बीसलपुर। श्रमिक के मकान का छज्जा अचानक ढह गया। इसके मलबे में दबकर श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जमा रही। परिजन का रोकर बुरा हाल है। तहसील क्षेत्र के गांव मीरपुर वाहनपुर के रहने वाले हसमुद्दीन (35) पुत्र सहजुद्दीन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मंगलवार को वह अपने मकान से निकलकर काम पर जा रहे थे। इस बीच उनके ही मकान का छज्जा ढह गया।जिसके मलबे की चपेट में आकर वह घायल हो गए। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग जमा हो गए। मलबे में दबे ग्रामीण को बाहर निकाला लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। पत्नी शबाना का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के दो पुत्री उमैया (7) और गुड्डी (1) है।

मृतक हसमुद्दीन।

एसपी की तबादाला एक्सप्रेस में छह से छिना थाने का चार्ज, दो बचाने में हुए कामयाब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **राजकुमार होंगे बरखेड़ा के एसएचओ, बिलसंडा में रणजीत सिंह को सौंपी कमान**

● **रूपा बिष्ट को मिली सेहरामऊ उत्तरी की जिम्मेदारी, प्रकाश सिंह भेजे गए करेली थाना**

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुट गए हैं। अभी दो दिन पहले ही गैरहाजिर चल रहे पुलिस लाइन में तैनात दरोगा समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। अब छह थानाध्यक्षों का फेरबदल कर दिया है। जबकि कुछ थानों का चार्ज बचाने में कामयाब हुए है।

बरखेड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान को एसपी ने अपराध शाखा भेजा है। उनके स्थान पर राजकुमार सिंह को बरखेड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किए हैं। ये अभी तक मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी थे। जहानाबाद इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला को एलओ सेल का प्रभारी बनाया है। उनके स्थान पर राजीव शर्मा को जहानाबाद का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

मीडिया सेल प्रभारी पद पर तैनात इंस्पेक्टर सरफुद्दीन को आर्थिक सहायता सम्मान प्रकोष्ठ एवं परिवार परामर्श प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया तो वहीं कोतवाल दियोरियाकलां उमेश सोलंकी हटा दिए गए। उन्हें मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया है। दियोरियाकलां के नये कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव होंगे। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को एसपी पीआरओ पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा बिलसंडा थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार को एंटी गोतस्करी सेल का प्रभारी बनाया है। उनके स्थान पर रणजीत सिंह को बिलसंडा का नया एसओ बनाया है। सुनगढ़ी थाने के इंस्पेक्टर क्राइम चिंतामणि पटेल न्यायालय सुरक्षा प्रभारी बनाए हैं। एसओ गजरौला रूपा बिष्ट को सेहरामऊ उत्तरी थाने, उनके स्थान पर इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह को गजरौला थाने की कमान सौंपी है। घुंघचिहाई इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार भी हटा दिए गए।

उन्हें आईजीआरएस प्रकोष्ठ एसपी कार्यालय का प्रभारी बनाया है। दरोगा विशेष कुमार घुंघचिहाई के नए एसओ होंगे। वह अभी तक एसपी के पीआरओ थे। न्यायालय सुरक्षा के प्रभारी अरविंद कुमार को वहां से हटाकर वाचक पुलिस अधीक्षक पद पर तैनाती दी गई है। सेहरामऊ उत्तरी के एसओ प्रकाश सिंह अब करेली थाने के प्रभारी होंगे। जबकि करेली एसओ जगदीप सिंह को साइबर थाना भेज दिया है। एसपी की ओर से किए गए स्थानांतरण के बाद पुलिस विभाग में खलबली मची रही।

दरोगाओं के भी बदले गए कार्यक्षेत्र

पीलीभीत। खकरा चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी देवहा, देवहा चौकी प्रभारी अजीत सिसोदिया को ठेका चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा ठेका चौकी प्रभारी चल रहे रमेश चंद्र शर्मा को चौकी प्रभारी मझोला, थाना कोतवाली में तैनात एसआई प्रीतम सिंह को चौकी प्रभारी सिविल लाइन, थाना सुनगढ़ी की कस्बा चौकी प्रभारी सौरभ कुमार को पूरनपुर गेट चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। वहीं पूरनपुर गेट चौकी प्रभारी रियाज हैदर को कस्बा चौकी प्रभारी थाना सुनगढ़ी, आसाम रोड चौकी प्रभारी आयुष कुमार को थाना बीसलपुर, एंटी गोतस्करी सेल प्रभारी मनवीर सिंह को आसाम रोड चौकी प्रभारी, कमलेश सिंह को थाना गजरौला से चौकी प्रभारी जरा, चौकी प्रभारी ललौरीखेड़ा अतुल कुमार आर्य को चौकी प्रभारी धनकुना, थाना जहानाबाद से जयदेव सिंह को चौकी प्रभारी बिरहनी, धनकुना चौकी प्रभारी रामगोपाल शर्मा को थाना न्यूरिया, डयूनीडॉम चौकी प्रभारी राजेश कुमार को थाना अमरिया भेजा है। चौकी बिरहैनी के प्रभारी योगेंद्र कुमार को डयूनीडैम चौकी प्रभारी, थाना बीसलपुर में तैनात देवेंद्र कुमार को सुहास चौकी प्रभारी, जिरौनिया चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार बालियान को चौकी प्रभारी ईटगांव, ईटगांव चौकी प्रभारी संदीप कुमार को जिरौनिया चौकी,महिला थाना से चंद्रपाल सिंह को जमुनिया चौकी प्रभारी बनाया है। मझोला चौकी प्रभारी दीपचंद्र को चौकी प्रभारी खकरा, महिला थाना से अशोक कुमार और सुभाष चंद्र को पुलिस लाइन भेजा है। अमित शर्मा को चौकी प्रभारी कंबोजनगर, राकेश कुमार को कंबोजनगर से थाना सुनगढ़ी, हरवंश कुमार को थाना बिलसंडा से रमनगरा, अमरीश बाबू को मैनाकोट, मनोज कुमार को रिछौला चौकी प्रभारी, दिगंबर सिंह को एसएसआई सुनगढ़ी का कार्यभार मिला है। सलोनी त्यागी को प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी पूरनपुर, अनुराधा वर्मा को पूरनपुर से पुलिस लाइन, मोहित कुमार को मैनाकोट से ललौरीखेड़ा चौकी प्रभारी, जितेंद्र सिंह को सिविल लाइन से एसएसआई थाना बीसलपुर नियुक्त किया गया है।

वन विभाग ने चंदिया हजारा में चल रहे टंकी निर्माण में लगाया अड़ंगा

संवाददाता, पूरनपुर

● **ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र भेजकर की शिकायत**

अमृत विचार: चंदिया हजारा में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि वन कर्मियों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। प्रधान ने एसडीएम को पत्र भेजकर टंकी का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

गांव चंदिया हजारा में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी और पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। मंगलवार को हरीपुर रेंज के वनकर्मी निर्माण स्थल पर पहुंचे और टंकी निर्माण कार्य बंद करा दिया। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि पहले निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन पर किन्ही कारणों वश निर्माण नहीं कराया गया। अब जिस स्थान पर टंकी का निर्माण कर चल रहा है। वह पुनर्वास योजना के तहत आवंटित की गई थी। इसके बावजूद वन कर्मी काम में अड़ंगा लगा रहे हैं। आरोप है इससे पहले भी विभाग गांव में होने वाले निर्माण कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर चुका है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम से टंकी का निर्माण फिर से शुरू कराने की मांग की है। हरीपुर रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि टंकी निर्माण के लिए दूसरा स्थान पर प्रस्तावित है। इसके बावजूद इसका निर्माण प्रस्तावित भूमि पर न कर दूसरी जगह कराया जा रहा है। इसलिए एनओसी देने से मना कर दिया गया और काम रुकवा दिया गया है।प्रस्ताव पास होने के बाद निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

व्यापारियों का न हो उत्पीड़न, बांट व माप अफसरों को समस्याओं से कराया रूबरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार सुबह जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल के निर्देश पर जिला बांट माप अधिकारी नंदिता गुप्ता से मुलाकात की। व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। बांट माप अधिकारी ने समाधान के साथ ही सहयोग का भरोसा दिलाया।

व्यापार मंडल के जिला महामंत्री शैली अग्रवाल की अगुवाई में युवा विंग जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री, अमित अवस्थी, सौरभ माथुर, अभिषेक सक्सेना आदि बांट माप अधिकारी से मुलाकात करने पहुंचे थे। वार्ता के बाद बांट माप अधिकारी ने आश्वस्त किया कि कोई भी सघन जांच व छापेमारी से पहले कैंप लगाकर व्यापारियों को कांटे माप के लाइसेंस/ मोहर, रसीद इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाएगी। व्यापारी नेताओं ने छोटे व्यापारियों का जांच के नाम पर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न करने की मांग रखी। जिला महामंत्री ने बताया कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लगातार जिले के सभी अधिकारियों व आम व्यापारियों के बीच तालमेल बनाने का प्रयास जारी रखा है। आगे भी निरंतर व्यापारी हित में कार्य करेंगे।

बांट माप अधिकारी से मुलाकात करते अधिकारी। ● अमृत विचार

● **व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बांट माप अधिकारी से की भेंट**

0000 ट्रांस शारदा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने डीएम को दिया ज्ञापन

संयुक्त टीम बनाकर फिर कराए भूमि अधिग्रहण के लिए सर्वे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: ट्रांस शारदा क्षेत्र के किसानों ने इंडो-नेपाल बार्डर सड़क के तहत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि में कुछ काश्तकारों की भूमि सर्वे से वंचित रहने की बात कहते हुए पुनः सर्वे कराने की मांग की है। इसको लेकर किसानों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। डीएम कार्यालय में मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि इंडो-नेपाल बार्डर सड़क के तहत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि में सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के कुछ काश्तकारों की भूमि सर्वे से वंचित रह गई है।

ऐसे में वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर छूटे हुए किसानों की भूमि का सर्वे कराया जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में जो सर्वे हुआ था तो उस समय गन्ने की फसल होने के कारण सही तरीके से सर्वे नहीं हो पाया है। ज्ञापन में सर्वे कराकर छूटे हुए किसानों को इसका लाभ दिलाने की मांग की गई। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता इंडो नेपाल बॉर्डर एवं एसडीएम पूरनपुर को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों में हरभजन सिंह, चमन सिंह, भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, बलवंत सिंह आदि शामिल रहे।

डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के किसान। ● अमृत विचार

● **इंडो-नेपाल बार्डर सड़क चौड़ीकरण में कई काश्तकारों की भूमि सर्वे में छूटने की बात कही**

उपहार पाकर खिले किसानों के चहेरे

बीसलपुर। मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत मंडी समिति परिसर में लकी ड्रा कूपन में निकले उपहारों को मंगलवार को भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने किसानों को सौंपा। उपहार पाकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल गए। यह लकी ड्रा जून 2023 में हुआ था। आजमपुर बरखेड़ा गांव के सुभाष चंद्र को किर्लोस्कर कंपनी का आठ हॉर्स पावर का पंपिंग सेट मिला। ग्राम गजरौला के जोरावर ने मिक्सर ग्राइंडर जीता जबकि ग्राम नौआ नगला के किसान राकेश कुमार ने सोलर पंप पैक यंत्र जीता। ग्राम सिरसा कुर्राह के जसविंदर सिंह ने लकी ड्रा में किर्लोस्कर कंपनी का पंपिंग सेट जीता। योजना के अंतर्गत मिले उपहारों को पाकर उनके चेहरे खिल गए। इस मौके पर मंडी सचिव नाजिम भी मौजूद रहे।

हे दुख भंजन, मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार...

ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को मंदिरों में गूंजे बजरंग बली के जयकारे, हुए सुंदरकांड पाठ तो कहीं सजे दरबार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः ज्येष्ठ माह का तीसरा मंगलवार बजरंग बली को समर्पित रहा। दिन भर मंदिरों से लेकर चौराहा और मुख्य मार्गों पर भक्त बाबा की भक्ति में डूबे रहे। घरों और मंदिरों में हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। जगह-जगह भंडारा और शरबत वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना कर अपने व परिवार वालों के लिए मनौतियां मांगी गई।

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ मास का अपना अलग महत्व है। ज्येष्ठ मास के मंगलवार बड़ा मंगल कहलाए जाते हैं। तीसरे बड़े मंगलवार को तराईवासियों ने बजरंग बली की भक्ति की। मंदिरों को फूलों की लड़ियों और बिजली की रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। सुबह से भक्तों की मंदिरों में आवाजाही शुरू हो गई। शहर के गौरीशंकर मंदिर में पंडित जय शंकर शर्मा ने बजरंग बली की पूजा अर्चना कर चोला चढ़ाया। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में दिन भर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं ब्रहचारी घाट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्रीराम मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी भक्तों की कतार लगी रही। यहां पर प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना की अगुवाई में कड़ी चावल का प्रसाद और मीठा शरबत बांटा गया। ड्रमंड कॉलेज गेट, नेहरू पार्क के पास, रेलवे स्टेशन रोड, छतरी चौराहा समेत कई अन्य जगह भी मीठा शरबत और पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटा गया।

काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महंत सेवक विशाल की ओर से श्रद्धालुओं के साथ बाबा को चोला चढ़ाया गया। दरबार से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और बाबा का गुणगान किया। देर शाम तक भजन संध्या चली। मोहल्ला दुर्गाप्रसाद स्थित पीलीभीत वाले बाबा के दरबार में महंत अखिलेश वशिष्ठ ने दरबार सजाया। जिसमें दूर दराज से भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना की। बजरंग बली के जयकारों से परिसर गूंजायमान हो उठा। चावला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर भी पूजन करने के लिए भक्तों की कतार दिनभर लगी रही। मोहल्ला खैरुल्लाशाह, चौक बाजार, लाल रोड पर स्थित हनुमान मंदिर आदि में भी पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय पर भी तीसरे मंगलवार को प्याऊ लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत बांटा गया। इस मौके पर विजय सिंह गंगवार, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, हर्ष धर्मेंद्र लोधी, ओमकार मौर्य,महेश गंगवार, यशपाल, प्रेमपाल, राहुल गंगवार, संजीव कुमार, मनोज पटेल आदि सेवा में लगे रहे।,

गांधी स्टेडियम रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भंडारे का प्रसाद पाते श्रद्धालु।

भंडारे का प्रसाद पाने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का किया पाठ

ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगलवार को प्याऊ, भंडारा और दरबार सजाने के साथ ही कई जगह भक्तों ने सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया। कई भक्तों ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। सड़कों पर डीजे की धुन में बाबा के भजन गूंजते रहे और माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में शाम को आरती के वक्त भक्तों की कतार लगी रही।

- शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने लगाए प्याऊ, भंडारों में भी उमड़ी भीड़
- मंदिरों में भजनों पर झूमते दिखे श्रद्धालु, अपनों के लिए मांगी मनौतियां

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय पर शरबत बांटते कार्यकर्ता।

छतरी चौराहे के समीप हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु।

छतरी चौराहे के समीप हनुमान मंदिर पर किया जा रहा भंडारा। ● अमृत विचार

सुनगढी थाने के पास एलायंस क्लब मधुबन मैत्री के द्वारा लगाया गया मीठे शरबत का पियाऊ।

एलायंस क्लब की महिलाओं ने भी बांटा शरबत

पीलीभीत, अमृत विचार : एलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री की सदस्याओं ने चार्टर्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार की अध्यक्षता में सुनगढ़ी तिराहा पर शरबत की छबील लगाई। इसकी शुरुआत व्यापारी अनिल मैनी ने की। सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक सेवा चली। इस मौके पर शशि मैनी, सचिव कमलेश अग्रवाल, कंचन सक्सेना, रुचि सिंघल, रानी, सुनीता, शुभि, रश्मि, मोनिका अग्रवाल, डॉ.अनुरीता, कविता, संगीता शुक्ला, चित्रांश आदि मौजूद रहे। इस दौरान एक साधू तपती धूप में नंगे पैर जाते दिखाई दिए तो क्लब की सदस्य सीमा छाबड़ा ने उन्हें चप्पल खरीदने के लिए 500 रुपये की मदद की।

चावला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में बाबा को चोला चढ़ाते भक्त। ● अमृत विचार

शहर के होली चौराहे पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

सुंदरकांड पाठ के बाद कराया भंडारा

अमरिया, अमृत विचार : बड़े मंगलवार को विद्युत उपकेन्द्र में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चना की गई। भक्तों ने हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड पाठ किया। भंडारे की शुरुआत एसडीओ नीरज गोवारी, जेई दीपेश प्रताप सिंह ने कराई। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, चावल और मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, जेई मझोला शिवम भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

मेढ़ के विवाद में ग्रामीण को पीटा

बीसलपुर, अमृत विचार : मेढ़ के विवाद में एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। इतना ही मारपीट का विरोध करने पर दबंगों नपे उस पर धारदार हथियार से वार कर लहूलुहान कर दिया गया। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर कुमिरखा के रहने वाले लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा विष्णु कुमार मंगलवार को खेत पर फसल में पानी लगाने गया था। इस बीच पड़ोस का रहने वाला खेत स्वामी ने अपने एक अन्य साथी की मदद से मेड़ के विवाद में गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब बेटे ने इसका विरोध किया तो दोनों लोग उस पर हमलावर हो गए। बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी तरह भागकर जान बचाने की कोशिश की तो धारदार हथियार से वार दिए। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। जिसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

बाबा के 13वें भंडारे में उमड़े भक्त

घुंघचिहाई, अमृत विचार : बालाजी का तेरहवां विशाल भंडारा मंगलवार को बाजार मंडी स्थल में आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के ग्रामीणों ने बालाजी दरबार में भजन गाए और प्रसाद ग्रहण किया। घुंघचाई के रहने वाले बाबा के भक्त दिवाकर अवस्थी की ओर से भंडारा करवाया गया था। इस मौके पर राजेश त्रिवेदी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सत्यदेव सक्सेना, छोटे अवस्थी, रामजी अवस्थी, सचिन दीक्षित, नन्हे मिश्रा, रामभरोसे शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 12 जून 2024, बुधवार समय-प्रातः 9:30 से 1:00 बजे तक
- आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखंड हॉस्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान अगले माह फ्री बाटेगा कान की मशीनें जल्दी से कराएं अपना रजिस्ट्रेशन
रजिस्ट्रेशन के लिए अपना आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और अपना फोटो संस्थान के अनिल कमल (फोन 9897895585) निकट थाना सुनगढ़ी पीलीभीत के पास जमा कराके रजिस्ट्रेशन करा लें। अधिक जानकारी के लिए कॉल करें-9897855607
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से : ● स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा, विधान सभा, पीलीभीत
● ● सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी ● डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एम.एल.सी. पुवायाँ
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

सब गोलमाल है! काम ठेके का, उपयोग सरकारी संसाधन का...

27 लाख में टेंडर लेकर ठेकेदार का गठजोड़ आया काम, नगर पालिका की जेसीबी से हो रही शहर में नाला सफाई

- सिल्ट उठाने वाली ट्रैक्टर-ट्राली भी सरकारी, प्रतिदिन खर्च किया जा रहा 100 लीटर डीजल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : मानसून की दस्तक नजदीक है। शहर को डूबने से बचाने के लिए नगर पालिका 27 लाख रुपये का टेंडर निकाल चुकी है। नियम शर्तों के मुताबिक टेंडर लेने वाले ठेकेदार को अपने संसाधनों से नालों की सफाई करानी थी। लेकिन यहां सब गोलमाल चल रहा है। ठेकेदार पालिका के कर्मचारियों से सांठगांठ कर सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। नाला सफाई और सिल्ट के उठान में पालिका की जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली का इस्तेमाल हो रहा हैं। हालांकि जिम्मेदार इसे लेकर पड़ताल कराने की बात कह रहे हैं।

शहर में 38 नाले हैं। इनमें छह बड़े और 32 छोटे नाले हैं। इनमें छह नालों में तीन नालों का पानी देवहा नदी में गिरने वाले नाले में जाता है। जिनकी सफाई का जिम्मा नगरपालिका पर है। इस बार मानसून आने से चंद दिन पहले पालिका की ओर से 27 लाख रुपये का नाला सफाई का टेंडर निकाला गया। यह टेंडर ग्लैक्सी इंटरप्राइजेज फर्म को मिला है। टेंडर होने के बाद शहर में सबसे पहले गैस चौराहा से स्टेशन रोड तक के नाले की सफाई फिर गांधी स्टेडियम रोड वाले नालों की सफाई कर सिल्ट निकाली जा चुकी है। लेकिन टेंडर के दौरान तय शर्तों का पालन कहीं नहीं हो रहा है। ठेकेदार जहां नालों की सफाई सरकारी जेसीबी से करा रहा है वहीं नगरपालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली से सिल्ट का उठान हो रहा है। सिल्ट उठाने में प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी मशीन ठेकेदार के काम पर चल रही है। सोमवार रात को स्टेशन रोड से लक्ष्मी टॉकीज तक नालों की निकाली गई सिल्ट का उठान नगरपालिका के संसाधनों से होता दिखा। जिम्मेदार मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

गांधी स्टेडियम रोड पर जेसीबी से की जा रही नाला सफाई। ● अमृत विचार

शहर के स्टेशन रोड पर सफाई होने के बाद भी नाले में भरी गंदगी।

मनसुख लाल वाली गली में सिल्ट उठने के बाद फैली गंदगी।

सफाई के नाम पर हर दिन हो रहे लाखों के बारे-न्यारे

सिल्ट का उठान करने के लिए नगरपालिका के दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें नगरपालिका का प्रतिदिन 100 लीटर डीजल खपाया जा रहा है। जेसीबी मशीन की बात करें तो अगर मशीन एक घंटे तक चलती है तो उसमें प्रति घंटा 7 से 8 लीटर डीजल का खर्च आता है। अगर लोड अधिक रहता है तो डीजल की मात्र और अधिक हो जाती है। इसी तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रति घंटा लोड होने पर तीन से पांच लीटर का खर्च आता है। यह वाहन कम से कम पांच से छह घंटे तक लगातार काम कर रहे हैं। जिसमें करीब 100 लीटर डीजल का खर्च आ रहा है। जिस वजह से प्रतिदिन 8835 रुपये का नुकसान नगरपालिका को पहुंचाया जा रहा है। जो सीधे तौर पर वित्तीय अनिमित्ताओं में आता है।

नगरपालिका की ओर से सफाई का टेंडर कराया गया है। जिसमें ठेकदार को नाला सफाई कराने के साथ ही सिल्ट का उठान करना होगा। पालिका की ओर से कोई वाहन नहीं दिया जा रहा है। पहले पालिका की ओर से कुछ नालों की सफाई कराई गई है। सिल्ट उठान में अगर पालिका के वाहनों का प्रयोग होने का मामला संज्ञान में नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी। फिलहाल ठेकेदार इमरजेंसी में वाहन की मांग करेगा तो उसे वाहन का किराया और डीजल देय करना होगा। किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं की जा रही है।

– **डॉ. आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन नगरपालिका पीलीभीत

तलीझाड़ का दावा, सफाई दो फुट तक नहीं

नगरपालिका की ओर से निकाले गए नाला सफाई टेंडर में तलीझाड़ सफाई करने का दावा किया जा रहा है। मगर कार्यदायी संस्था की ओर से नगरपालिका को तलीझाड़ के नाम पर चूना लगाया जा रहा है। अब तक जितने भी नाले साफ किए गए हैं। वह तलीझाड़ तो दूर की बात उन नालों में सिर्फ दो से तीन फिट तक ही सिल्ट निकाली गई। बाकी सिल्ट नाले में ऐसे ही छोड़ दी गई है। ठेकेदार के श्रमिक नाला सफाई के नाम पर ऊपर-ऊपर दिखने वाली गंदगी को साफ कर रहे हैं। जो बरसात के मौसम में पालिका के लिए मुसीबत बन सकती है। बीते दिनों मोहल्ला डालचंद में बने नाले की तलीझाड़ सफाई कराई जाने का दावा किया गया था। मगर बीते दिनों रात में हुई बारिश के दौरान जलभराव हो गया था। इसी तरह अन्य नालों में भी ठेकेदार की ओर से नालों की तलीझाड़ सफाई में सिर्फ रस्म अदायगी की जा रही है। जिस पर पालिका प्रशासन आंखे मूंदे बैठा है।

साहब! मेरी दुकान में लगाई आग फिर भी नहीं हो रही सुनवाई

पीलीभीत, अमृत विचार : माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर बुजुर्ग के रहने वाले गजेंद्र बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी घर पर ही बाहरी हिस्से में कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर की दुकान है। वह घर से बाहर गए हुए थे। घर पर सिर्फ उनका बेटा था। इसी बीच 29 अप्रैल की रात करीब दो बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में आग लगा दी। आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

30 अप्रैल की सुबह टहलने निकले लोगों ने दुकान से धुआं निकालता देखा तो परिवार के लोगों को सूचना दी। जिसके बाद लोगों की मदद से आग बुझाई गई। आग से दुकान का लिंटर और दीवारें तक चटक गई। करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया। जब वापस आए तो पुलिस को मामले की सूचना दी, लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही कोई जांच करने के लिए आया। उनका कहना है कि वह भी इंटेलिजेंस से ही सेवानिवृत्त हुए हैं, फिर भी न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है।

शरबत और चने का प्रसाद बांटा

पीलीभीत, अमृत विचार : भारत विकास परिषद नगर शाखा की ओर से मंगलवार को रेलवे स्टेशन रोड पर सीतापुर अस्पताल के सामने शीतल शरबत और चना का प्रसाद बांटा गया। अध्यक्ष सौरभ सक्सेना ने बताया कि उनके आयोजन में प्लास्टिक या फाइबर के किसी डिस्पोजल का प्रयोग नहीं किया गया है। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर संरक्षक राकेश अग्रवाल, जिला संयोजक डा. अनिल सक्सेना, लक्ष्मीकांत शर्मा, रमेश कुमार वर्मा, रविदेव शर्मा, जगदीश सक्सेना, संजय जिंदल, स्वतंत्र देवल, संजय बंसल, वीके कपूर, अनूप सहगल, डा. विनय गुप्ता, हरीश दुलवानी, अर्जित अग्रवाल विक्की, अर्पित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जितिन प्रसाद के मंत्री बनने पर कराया भंडारा

बरखेड़ा, अमृत विचार : केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी की ताजपोशी और पीलीभीत से नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर विश्व हिंदू महासंघ, युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कस्बे में भंडारा कराया। ब्लॉक तिराहे पर दोपहर करीब 12 बजे भंडारा शुरू किया गया, जोकि देर शाम तक चला। पूड़ी, छोले, हलवा का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज, मुकुल शर्मा, संतोष भारती, मनोज सक्सेना, उत्तम अग्रवाल, मुनीष सक्सेना, आकाश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

एक पर कार्रवाई दो अन्य को बचाने का लगाया आरोप

घुंघचिहाई, अमृत विचार: मांगलिक कार्यक्रम में फायरिंग और कारतूस की पेटी लहराने के मामले में सिर्फ एक युवक पर कार्रवाई होने पर सवाल उठाए गए है। ग्रामीणों ने सांठगांठ कर मामला दबाने का आरोप लगाया है।

घटना तीन जून की है। ग्राम सिमरिया में एक ग्रामीण के यहां मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। मकान के बाहर लोग डीजे पर नाच रहे थे। इस बीच नशे की हालत में तीन युवक आए और गानों पर डांस करने लगे। एक युवक ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया और दूसरा कारतूस की पेटी लहराते हुए डांस करता रहा। तीनों युवक मांगलिक कार्यक्रम में बाधा डाल रहे थे।

किसी ग्रामीण ने उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल शुरू की। आरोप है कि दो आरोपियों को हिरासत में लिया था, इनमें से एक आरोपी कमल को आठ जून को जेल भेज दिया गया। जबकि दूसरे युवक पर कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में तीनो युवक आरोपी थे। अन्य दो पर भी कार्रवाई की मांग की है।

खालसा वैरियर्स ने रजा इलेवन को दी शिकस्त

खुशी मनाते खालसा वारियर्स टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

पीलीभीत मार्ग पर स्थित मिलेनियम क्रिकेट एकेडमी के मैदान में खालसा प्रीमियर लीग सीजन वन क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। मंगलवार को टूर्नामेंट का पांचवां मैच खालसा वैरियर्स और रजा इलेविन की टीम के बीच खेला गया। इसमें खालसा वैरियर्स के कप्तान फरदीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

खालसा वैरियर्स की टीम ने 19.3 ओवरों में 125 रन का स्कोर बनाया। रजा इलेवन की टीम के खिलाड़ी 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 118 रन ही बना सके। खालसा वैरियर्स की टीम के खिलाड़ी हर्षित कुशवाहा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 61 रन बनाए। वसीम बरकाती ने बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पांच विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस रोमांचक मुकाबले का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया।

खालसा वैरियर्स टीम के ऑनर सुखवीर सिंह ने मैन ऑफ द मैच रहे वसीम बरकाती को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुखवीर सिंह, अजय रात्रा, कृपाल सिंह, मनीष कुमार, हर्षित कुशवाहा, साहिल पांडेय, सचिन सिंह, टिंकू यादव, अर्पित कुशवाहा, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

छत पर गई विवाहिता की करंट से मौत

संवाददाता, दियोरियाकलां

अमृत विचारः छत पर कपड़े डालने गई विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे, जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। हादसे को लेकर परिवार में कोहराम मचा रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के रहने वाले आरिफ की छत पर कपड़े सुखाने के लिए लोहे का तार बांधा गया है। इसके नजदीक से ही घर की बिजली की तार गुजरी है। सोमवार शाम को उनकी पत्नी रुखसार (20) स्नान करने के बाद धोए गए कपड़ों को छत पर तार में डालने गई थी। बिजली की तार से कपड़े सुखाने वाले लोहे के तार में करंट उतर आया। जैसे ही रूखसार ने उस पर कपड़े रखे करंट की चपेट में आ गई। चीखने की आवाज सुनकर परिवार वाले छत पर पहुंचे। आनन-फानन में विवाहिता को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन शव वापस ले गए। मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

हादसे के बाद मृतक के मकान के बाहर पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

- दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव में हुआ हादसा

आईटीआई की कार्यशाला और प्रबंधन परखा

बरखेड़ा, अमृत विचार : कस्बे में स्थित राजकीय आईटीआई की टाटा वर्कशॉप का डीजीटी, भारत सरकार सम्बन्धन के लिए मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में एनसीवीटी के प्रतिनिधि विनोद शर्मा, बरेली मंडल के सयुंक्त निदेशक अरुण कुमार राणा, राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य गुंजन कुमार गुप्ता, राजकीय आईटीआई पीलीभीत के प्रधानाचार्य शरद सागरवाल आदि थे। राजकीय आईटीआई बरखेड़ा के प्रधानाचार्य गुंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि टीम ने आईटीआई की कार्यशाला एवं प्रबंधन पर प्रसन्नता जाहिर की। अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रेषित करेंगे। इसके अन्तर्गत नई ट्रेडों मे प्रवेश जुलाई सत्र से प्रारंभ हो जाएंगे।

लोधी महासभा ने बांटी मिठाई

पीलीभीत, अमृत विचार : शहर एक बरात घर में मंगलवार को राष्ट्रीय लोधी महासभा का एक कार्यक्रम हुआ। जिसमें नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने, बीएल वर्मा व जितिन प्रसाद के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर तुलाराम लोधी, ब्रह्म स्वरूप वर्मा, विजय राजपूत, आशीष लोधी, गंगा प्रसाद लोधी, सुरेश कुमार लोधी, राकेश लोधी, विजय लोधी, विकास वाल्मीकि, विपिन त्यागी, नेतराम राठौर, रिंकू, भीम सिंह चौहान, दुर्गा शंकर, डॉ.लेखराज वर्मा, रामकिशोर, जमुना हलचल आदि मौजूद रहे।

शेरपुरकलां में ज्यादती कर रही पुलिसः अफरोज

संवाददाता, पूरनपुर

- भारत की कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे गांव

अमृत विचारः शेरपुरकलां में जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन करने के मामले में दस लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले में मंगलवार को भाकपा माले कार्यकर्ता गांव पहुंचे और जानकारी की। पुलिस पर बेवजह ज्यादती करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने दर्ज मुकदमा वापस लेने और हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ने की मांग की है।

मंगलवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की टीम जिला प्रभारी कामरेड अफरोज आलम की अगुवाई में शेरपुरकलां पहुंची। वहां अफरोज आलम सहित अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर मामले की जानकारी की। जिला प्रभारी ने कहा कि जिन पशुओं को कुर्बानी के लिए लाया गया था उन पर रोक नहीं है। शेरपुर में पुलिस अनावश्यक रोक-टोक कर रही है। इसको लेकर लोगों ने आक्रोश स्वरूप विरोध किया। कोतवाल के समझाने के बाद लोग शांत हो गए थे। आरोप लगाया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों पर लाठीचार्ज कराया। फिर मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया। पुलिस त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग करे। पार्टी के पदाधिकारियों ने पकड़े गए लोगों को छोड़ने की मांग की गई। इस मौके पर सईद खां, छुन्नू खां, मंसूर अहमद, इलियास आदि थे।

मझोला से 125 फीट की चादर लेकर दरगाह पहुंचे जायरीन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नकटादाना चौराहा पर सपा नेताओं ने किया स्वागत, खुद भी हुए शामिल
- शाहजी मियां के 121 वें उर्स में उमड़ रही जायरीनों की भीड़

मझोला से आए चादर के जुलूस में शामिल हुए सपा जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचारः प्रख्यात सूफी संत अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के 121 वें उर्स में जायरीनों की भीड़ उमड़ रही है। दरगाह के बाहर लगाई गई दुकानों पर खरीदारी की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात है। चादरपोशी का सिलसिला भी तेज हो गया है।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद स्थित दरगाह पर रविवार से उर्स शुरू हुआ था। जिसका समापन 13 जून को कुल शरीफ की रस्म के साथ होगा। दूर दराज से जायरीन उर्स में पहुंच रहे हैं।

उर्स के तहत मंगलवार को हस्बे रिवायत दरगाह शेरिया पर मुशायरा हुआ। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा (मझोला) से जायरीन 125 फीट लंबी चादर लेकर दरगाह पर पहुंचे। टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा पर पहुंचते ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बालक रामसागर, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, नरेश कुमार, सलमान इदरीसी आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद अकीदतमंदों ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की। बता दें कि आज बुधवार को शहर में निर्धारित मार्गों पर चादरों का जुलूस निकाला जाएगा और शाम पांच बजे पहला कुल शरीफ शुरू होगा।

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
05870357120
9140089004
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल चार्टेड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह गृह मंत्रालय
दीपशिखा एम.बी.बी.एस.
मयंक शेखर श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

BIU BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
प्रवेश प्रारम्भ
BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक संख्या 974372 वर्ष 1979 व इन्टर का प्रमाण जिसका अनुक्रमांक 131720 वर्ष 1981 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिले। **मेघराज पुत्र श्री ननकू निवासी- कृष्णा नगर जिला बरेली**

सूचना
मैं सृष्टि सिंह पुत्री श्री हितेन्द्र सिंह, निवासी- 21, गंगा त्रिवेनी, कर्मचारी नगर, इज्जतनगर, बरेली सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा विवाह दिनांक 24.02.2024 को मानस अग्रवाल पुत्र डॉ अरविन्द कुमार अग्रवाल, निवासी-140 जनकपुरी, इज्जतनगर, बरेली के साथ सम्पन्न हो गया है। विवाह से पूर्व मेरा नाम सृष्टि सिंह था अतः शादी के बाद अब मैं सृष्टि अग्रवाल पत्नी मानस अग्रवाल के नाम से जानी व पहचानी जाऊँगी।

सूचना
मैं कौशाम्बी (दिल्ली) से बरेली सैटेलाइट आ रहा था रास्ते में मेरा बैग जिसमें मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0907366 वर्ष 2010 एवं इन्टरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0675423 वर्ष 2012 बी.टेक की डिग्री अनुक्रमांक 12CH21 वर्ष 2017 एवं एम.टेक की मार्कशीट एंड सर्टिफिकेट I,II Sem. अनुक्रमांक 19CHE212 सत्र 2019-21 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने पर नहीं मिले। **कुलदीप पुत्र श्री नत्थू लाल पताः- ग्राम वारीनगला पो. उमरसिया, बरेली (उ.प्र.) मो. 8394835426**

सूचना
मैने अपने पुत्र राजेश पुत्र श्री गंगाराम को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **नन्हीं पत्नी गंगाराम निवासी 29, गुलाबनगर, थाना प्रेमनगर, जिला बरेली**

आवश्यकता है
विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
आई.टी.बी.पी. (बुखारा मोड़) लालफाटक रोड, बरेली
मो. 9695554511, 8107547973, 9760950306
हमारे यहां पर अर्जेंट जॉब खाली हैं!
रिसेप्शनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, लैब कलेक्शन स्टॉफ, एक्सरे टेक्नीशियन
सैलरी 5000/- से 15000/- तक योग्यतानुसार
अति शीघ्र सम्पर्क करें!!!

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कार्यालय ग्राम पंचायत टोडरपुर ब्लॉक खुटार, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के अनुसार 15वें वित्त, केंद्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में ठोस तरल अवशिष्ट, फिल्टर चेम्बर, आर आर सी सेंटर, सिल्ट कैचर, खाद गड्ढा, सी सी रोड निर्माण/मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत, नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा निर्माण/ मरम्मत मिट्टी भराव कायर्स, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, स्थापना /मरम्मत, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत , हैंडपम्प रिबोर,/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, शौचालय घर निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, स्कूल की बालबाउंड्री कार्य, सामुदायिक शौचालय का निर्माण/मरम्मत कार्य, शमशान घाट निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, ठेली क्रय/मरम्मत , सैनिटाइजर क्रय, मास्क क्रय, ब्लीचिंग पाउडर क्रय, दिव्यांग शौचालय , स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य , आंगनबाड़ी केंद्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य पंचायत घर का निर्माण , पशु शेड निर्माण, सोक पिट, डैंप कम्पोस्ट खाद के गड्ढे का निर्माण, पानी की टंकी निर्माण, वाटर हावेस्टिंग आदि तमामा कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट रोड़ी/रोड़ा सीमेंट, मौरंग , रेता बजरी, लोहा, टाइल्स, पाइप , टोंटी, प्रचार -प्रसार हेतु बोर्ड, बैनर, स्टे शनरी , पटान हेतु मिट्टी/राख , ठेली सफाईकर्मी के लिए पीपीई किट, मास्क, मैनिटाइजर, फागिंग सफाई किट, कूड़ादान , डेस्कटॉप , प्रिंटर, स्टे बलाइजर, बैटरी, माइक व अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2 बजे तक दिनांक 18.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

प्रधान-बलजीतकौर **सचिव-प्रशान्त यादव**

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली)

पत्रांक-कृ.उ.म.स./2024-383 दिनांक : 11.06.2024

कैन्टीन नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली) में निर्मित कैन्टीन माह 01.07.2024 से 30.06.2025 तक के लिए खुली नीलामी दिनांक 26.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी समिति आँवला के सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति आँवला कार्यालय से रु. 295.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर रु. 25000.00 (पच्चीस हजार मात्र) का नकद/बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 25.06.2024 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति आँवला के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दे। कैन्टीन नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी।

खडविन्द प्रकाश
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली)

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी विकास खण्ड भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी, विकास खण्ड भदपुरा (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी, शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन एवं निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण,पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग,सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को 1:00 बजे खोला जाएगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-रूचि कन्नौजिया **सचिव-उमेश चन्द्र गंगवार**

कार्यालय ग्राम पंचायत भूड़ा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा SLWM की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/नाली मरम्मत, खड़ंजा मरम्मत, मिट्टी कार्य फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, सी.एस. केन्द्र निर्माण कार्य, गौशाला निर्माण, अमृत सरोवर, वॉल पेन्टिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण, शोकपिट, नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढ़ों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाईल्स, पाईप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैट्री, इन्वर्टर, कुर्सी मेजर, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग व फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली/मरम्मत, स्प्रे मशीन / सफाई किट /मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दिनांक 15.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 16.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-गुलशन **सचिव-शिखर गुप्ता**

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-महेंद्र पाल **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण, हैंण्ड पम्प एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-कुंती चौहान **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरावा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिमरावा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 14.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-अनवरी बेगम उर्फ हाजरा **सचिव-ए.पी. त्यागी**

कार्यालय ग्राम पंचायत गहलुइया, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गहलुइया, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-हरेंद्र कुमार **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत शरीफनगर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

